श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 168, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 23 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

आने वाले दो-तीन दिन बारिश, बर्फबारी और शीतलहर

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके असर से पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी होगी तथा उत्तर और उत्तर पश्चिमी राज्यों में हवा के साथ बारिश भी हो सकती है।

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर बदला है। दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, पंजाब हरियाणा में ठंड फिर बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके असर से पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी होगी तथा उत्तर और उत्तर पश्चिमी राज्यों में बारिश हो सकती है। आने वाले दो-तीन दिन तक तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और शीतलहर चलेगी। उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में भी आज सुबह से कोहरा छाया हुआ है।

उत्तर प्रदेश में ठंड में फिर इजाफा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि एक-दो दिन बाद तापमान में कुछ बढ़ोतरी होगी लेकिन उसके बाद इसमें गिरावट आएगी। पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवा के कारण तापमान में गिरावट के साथ गलन बढ़ेगी और ठिठुरन भरी सर्दी महसूस की जाएगी। ऐसी सर्दी अगले पूरे हफ्ते तक रहने की संभावना है।

पटना सहित बिहार के कई इलाकों में कोहरे व धुंध के साथ आज सुबह की शुरूआत हुई। इसके बाद मौसम साफ रहने की संभावना है। पश्चिम से आने वाली हवाओं के कारण अभी एक-दो दिन तक सर्दी का सितम जारी रहेगा।

उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ के असर से गढ़वाल व कुमाउं क्षेत्र के कई जिलों में बारिश व बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। 23 और 24 को अनेक स्थानों पर हल्की से हल्की बर्षा व बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने इस बार 22 सौ मीटर व उससे अधिक ऊचांई वाले स्थानों पर बर्फबारी होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र देहरादून के अनुसार, गढ़वाल क्षेत्र के देहरादून, हरिद्वार समेत कुमाउं के पिथौरागढ़, बागेश्वर व अल्मोड़ा जनपदों के कुछ स्थानों पर मौसम बदलेगा और बारिश, बर्फबारी हो सकती है।

वहीं मैदानी इलाकों में मध्यम से घना कोहरा छाया रहेगा। देहरादून, हरिद्वार जिलों में 23 को कहीं कहीं ओलावृष्टि व आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाने को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार से मौसम बिगड़ गया। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुक्रवार को बर्फबारी के आसार हैं। मैदानी और मध्य पर्वतीय जिलों में 23 और 24 जनवरी को बारिश और बर्फबारी का पूवार्नुमान है। 23 जनवरी को मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा के कई क्षेत्रों में अंधड़ और बिजली गरजने का येलो अलर्ट जारी हुआ है। 25 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। 27 जनवरी तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा।

हरियाणा में अब मौसम के कर-वट बदलने के आसार हैं. प्रदेश के कई जिलों में 23 जनवरी की शाम या रात से बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो हरियाणा के पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल तक पश्चिमी विक्षोभ के असर से बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। 24 जनवरी को 2 से 4 डिग्री तक तापमान में कमी आने की भी संभावना जताई गई है। 25 और 26 जनवरी को भी धुंध छा सकती है. वहीं, प्रदेश के कुछ इलाकों में गुरुवार सुबह भी गहरी धुंध छाई रही थी।

झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में एक बार फिर ठंड बढ़ेगी। अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज किए जाने की संभावना है। 23 जनवरी तक ठंड का असर देखा जाएगा, उसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण एक बार फिर से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होगी। जिसके कारण 24 जनवरी से तापमान में बढ़ोतरी होगी। झारखंड के दक्षिणी जिलों में सुबह धुंध भी देखने को मिल सकती है।

उत्तर प्रदेश में 15 फरवरी के बाद लगेगी फ्रंटलाइन वर्करों को वैक्सीन

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। उत्तर प्रदेश में फ्रंटलाइन वर्करों को कोरोना की वैक्सीन फरवरी के दूसरे पखवाड़े में लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। 15 फरवरी के बाद किसी भी तारीख से इन फ्रंटलाइन वर्करों का टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा। फ्रंटलाइन वर्करों में पुलिस, सेना, नगर निगम कर्मी व राजस्व कर्मी आदि शामिल हैं। अभी तक आठ लाख फ्रंटलाइन वर्कर चिन्हित भी किए जा चुके हैं। बाकी को सूचीबद्ध किए जाने का काम किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में अब तक 19.86 लाख डोज कोरोना वैक्सीन आ चुकी है। नौ लाख स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन की दो डोज लगाने के लिए वैक्सीन का पूरा इंतजाम हो चुका है। पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि करीब 18 लाख के आसपास फ्रंटलाइन वर्कर होंगे लेकिन अब जबकि इन्हें सूचीबद्ध करने का काम किया जा रहा है, तो इनकी संख्या नौ लाख से दस लाख के बीच ही आ रही है। कोरोना वैक्सीन की सप्लाई लगातार उत्तर प्रदेश को की जा रही है। 1,298 कोल्ड चेन प्वाइंट सेंटरों पर आगे फ्रंटलाइन वर्करों के लिए वैक्सीन रखने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। कोविन पोर्टल पर कराए जा रहे रजिस्ट्रेशन के अनुसार ही इन्हें भी टीका लगाने के लिए केंद्र पर बुलाया जा रहा है।

कोरोना से संक्रमित 97.30 रोगी हुए स्वस्थ : यूपी में कोरोना वायरस से संक्रमित 97.30 फीसद रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। शुक्रवार को 370 नए मरीज मिले और 484 रोगी ठीक हुए। अब तक 5.98 लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं और इसमें से 5.81 लाख मरीज ठीक हो चुके हैं। वहीं आठ और रोगियों की मौत के साथ अब तक कुल 8,605 मरीजों की जान यह खतरनाक वायरस ले चुका है।

अब तक 2.68 करोड़ कोरोना टेस्ट : अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में अब 7,528 एक्टिव केस हैं। इन एक्टिव केस में से 2,449 रोगी होम आइसोलेशन में हैं और 647 मरीज प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हैं। बाकी सभी रोगी कोरोना के सरकारी अस्पतालों में भर्ती हैं। बीते 24 घंटे में 1.38 लाख लोगों की कोरोना जांच कराई गई। अभी तक 2.68 करोड़ लोगों का कोरोना टेस्ट किया जा चुका है। अभी तक 15.23 करोड़ लोगों की मेडिकल स्क्रीनिंग हो चुकी है।

गणतंत्र दिवस की परेड में दिखेगा राम मंदिर का मॉडल, गंगा-जमुनी तहजीब सहित शीशगंज गुरुद्वारा भी होगा प्रदर्शित

नई दिल्ली, जागरण टीम। 72वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड में इस बार देश की धर्म-संस्कृति की झलक दिखाई देगी। झांकी में अयोध्या का श्रीरामजन्मभूमि मंदिर, उत्तराखंड का केदारनाथ मंदिर, दिल्ली का गौरीशंकर मंदिर, शीशगंज गुरुद्वारा, बेपिस्ट सेंट्रल चर्च और दिगंबर लाल जैन मंदिर के जरिये गंगा-जमुनी तहजीब पेश की जाएगी। गुजरात के मोढेरा का सूर्य मंदिर, पंजाब की झांकी में श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश पर्व प्रदर्शित किया जाएगा। दक्षिण भारत से तमिलनाडु का शोर मंदिर भी झांकी में दिखाई देगा।

18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने परेड में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली झांकियों का प्रदर्शन किया। यहां तैयारियों में लगे उत्तर प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि अयोध्या हमारे लिए पवित्र नगरी है और राममंदिर हर आस्थावान के लिए श्रद्धा का विषय है। इस प्राचीन नगरी की प्राचीन विरासत की झांकी का प्रदर्शन होगा। गिनीज बुक आफ रिकार्ड में दर्ज अयोध्या के दीपोत्सव को भी राजपथ पर दिखाया जाएगा। झांकी के प्रथम भाग में जहां महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करते हुए प्रदर्शित किया गया, वहीं निचले हिस्से में भगवान राम का निषादराज को गले लगाना, शबरी के बेर खाना, संजीवनी बूटी लाना आदि दिखाया गया है। दिल्ली की झांकी में शाहजहांनाबाद पुनर्विकास के कार्य को दिखाया गया है। दिल्ली की झांकी के प्रथम भाग में लाल किले को प्रदर्शित किया गया है। जायकों के लिए मशहूर चांदनी चौक को गोलगप्पे के जरिये दशार्ने की कोशिश की गई है।

राजपथ पर उत्तर प्रदेश की झांकी इसलिए खास है क्योंकि वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या के जिस श्रीराम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है उसकी प्रतिकृति राजपथ पर दिखाई देगी। खास बात यह होगी कि उत्तर-प्रदेश के ही कलाकार इस झांकी में अपनी प्रस्तुति देंगे। राम का किरदार निभा रहे अजय कुमार की कहानी भी रोचक है। पीली रेशमी धोती और रुद्राक्ष की माला धारण कर भगवान राम का स्वरूप धरने वाले अजय कुमार कहते हैं कि मैं बहुत खुश हूं कि अयोध्या की विरासत यूपी के शोकेस में दिखेगी और मैं राम के रूप मे रहूंगा। चंदौली के लक्ष्मणगढ़ निवासी अजय कुमार बताते हैं कि बीते वर्ष अयोध्या की रामलीला में उन्होंने राम का किरदार निभाना शुरू किया तो प्रभु राम की कृपा से राजपथ की परेड के दौरान झांकी में उन्हें श्रीराम के किरदार निभाने का मौका मिला है। इससे पूर्व छह वर्षों तक विभिन्न राज्यों की रामलीलाओं में रावण का किरदार निभाते रहे थे।

गणतंत्र दिवस समारोह का विरोध नहीं करेंगे किसान

किसान देशभक्त हैं इसलिए गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य आयोजनों में बाधा नहीं बनेगा। तीन कृषि कानूनों को लेकर किसान आंदोलन बदस्तूर जारी रहेगा और जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती तब तक किसान आंदोलन करते रहेंगे।

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में किसान किसी भी तरह का व्यवधान नहीं डालेंगे। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतन सिंह मान ने कहा कि गणतंत्र दिवस साधारण दिन नहीं है। यह वह दिन है जब देश को पूर्ण रूप से स्वतंत्रता की प्राप्ति हुई थी। भले ही देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हो गया था, लेकिन यह पूर्ण रूप से स्वतंत्र तब हुआ जब 26 जनवरी 1950 के दिन 'भारत सरकार अधिनियम' को हटाकर भारत के नवनिर्मित भारतीय संविधान को लागू किया गया। इस दिन से 26 जनवरी के इस दिन को भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। यह एक महान पर्व है।

प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि 26 जनवरी को प्रदेश में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार का व्यावधान न डाला जाए, क्योंकि यह दिवस असंख्य कुर्बानियां देने के बाद हमें प्राप्त हुआ है। मान ने कहा कि 26 जनवरी का कार्यक्रम कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होता, ऐसे में नाराजगी जाहिर करना या देश की शान में आयोजित समारोह में व्यावधान डालना उचित नहीं है। देश के सभी नागरिकों के लिए यह गर्व का दिन है, इसलिए सभी किसान भाइयों से अपील है कि सभी किसान इस दिवस को गौरवशाली तरीके से मनाएं और सरकारी आयोजनों में किसी तरीके का व्यावधान न डालें।

उन्होंने कहा कि तीन कृषि कानूनों को लेकर किसान आंदोलन बदस्तूर जारी रहेगा और जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती तब तक किसान आंदोलन करते रहेंगे। 26 जनवरी के कार्यक्रम का विरोध किया जाना किसी भी स्तर पर उचित नहीं है।

किसान देशभक्त हैं, इसलिए गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य आयोजनों में बाधा नहीं बनेगा। रतन मान ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की आड़ में किसी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता या असामाजिक तत्व देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने की चेष्टा करेंगे तो किसान यूनियन उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करती है।

नीति आयोग ने कहा- कृषि कानून वापस हुए तो कोई सरकार 10-15 साल तक फिर नहीं ला पाएगी

नई दिल्ली, प्रेट्र। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि अगर नए कृषि कानूनों को वापस लिया गया तो कोई सरकार इन्हें अगले 10-15 साल तक फिर लाने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगी। अगर ऐसा हुआ तो यह किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए काफी नुकसानदायक होगा। उन्होंने केंद्र सरकार और आंदोलनकारी किसानों के बीच जारी गतिरोध को 'अहम का टकराव' करार दिया। मीडिया से बातचीत में रमेश चंद ने कहा कि कृषि का मसला अब काफी जटिल हो चुका है और जहां तक सुधारों की बात है तो उन्हें लगता है कि हर कोई इससे सहमत है। उन्हें लगता है कि आंदोलनकारी किसान भी सुधारों के पक्ष में हैं, लेकिन संभवतः वे चाहते हैं कि सरकार पहले उन्हें वापस ले और फिर नए कानून लाए।

उन्होंने कहा कि सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने किसानों की चिंताओं के प्रति काफी लचीलापन दिखाया है। रमेश चंद ने कहा, 'हमें कृषि क्षेत्र को खोलने की जरूरत है। इसके पीछे मजबूत तर्क हैं.. हमें निर्यात प्रतिस्पर्धी होने की जरूरत है, हमें अपने लागत को घटाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि कृषि के जिन क्षेत्रों को खोला गया है उनमें काफी वृद्धि हुई है।

सपा नेता आजम खां की पत्नी-बेटे की जमानत को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां की पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला खां की जमानत को चुनौती देने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने फजीर्वाड़ा करके जमीन हथियाने के मामले में दोनों को जमानत दे दी थी जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की थी।

शुक्रवार को प्रदेश सरकार की याचिका प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए लगी थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार करते हुए कहा कि हाईकोर्ट का आदेश सही है। इसमें क्या गलत है। पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने के इच्छुक नहीं है और प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी।

इससे पहले प्रदेश सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाईकोर्ट के दोनों को जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि अब्दुल्ला के पिता आजम खां के खिलाफ भूमि कब्जाने और अन्य अपराधों में बहुत से मुकदमे दर्ज हैं। इस पर पीठ ने कहा कि उसके पिता ने हो सकता है गलती की हो, लेकिन उसके लिए बेटे को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। मेहता ने कहा कि आजम की पत्नी और बेटा उसके लाभार्थी हैं, लेकिन पीठ दलीलों से प्रभावित नहीं हुई। कोर्ट ने कहा कि हम कह चुके हैं कि हाईकोर्ट का आदेश सही है और हम यह याचिका खारिज करते हैं। आजम की पत्नी और बेटे के खिलाफ यह मामला फजीर्वाड़ा करके भूखंड आवंटित कराने का है। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष 13 अक्टूबर को दोनों को जमानत दे दी थी।

पुरी से ऋषिकेश के लिए कुंभ पर विशेष ट्रेन, 27 जनवरी से शुरू होगी सेवा

नई दिल्ली, जेएनएन। हरिद्वार कुंभ मेले में आने वाले यात्रियों के लिए पुरी से योगनगरी ऋषिकेश के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। 08477/08478 नंबर की विशेष ट्रेन से ओडिशा के साथ ही झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के यात्रियों को कुंभ मेले में पहुंचने में आसानी होगी। 27 जनवरी से 30 अप्रैल तक यह विशेष ट्रेन पुरी से रात में 08.45 बजे प्रस्थान करेगी। तीसरे दिन रात्रि 09.50 बजे योगनगरी ऋषिकेश पहुंचेगी। वापसी में 30 जनवरी से 03 मई तक योगनगरी ऋषिकेश से सुबह 05.35 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन तड़के 03.25 बजे पुरी पहुंचेगी। मार्ग में ट्रेन खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर क्योंझार रोड, भद्रक, सोरो, बालासोर, जलेसवर, हिजली, चाकुलिया, घाटशिला, टाटानगर, सिनी, राजखरसवां, चक्रधरपुर, मनोहरपुर, राउरकेला, राजगांगपुर, झारसुगुड़ा, रायगढ़, खरसिया, शक्ति, बुढ़ार, चापा, जांजगीर नैला, अकलतरा, बिलासपुर, पेंडरा रोड, अनुपपुर, अमलाई, बुरहार, शहडोल, बीरच्सहपुर, उमरिया, कटनी, मुरवारा, दमोह, सागर, खुरई, मालखेडी, ललितपुर, झांसी, दतिया, डबरा, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा कैंट, राजा की मंडी, मथुरा, कोसी कलां, फरीदाबाद, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मेरठ छावनी, सकौती टांडा, मुजफ्फरनगर, देवबंद, टपरी, रुड़की, हरिद्वार, मोतीचूर, रायवाला और वीरभद्र हॉल्ट स्टेशनों पर ठहरेगी।

पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई को जेड प्लस सिक्योरिटी

नई दिल्ली, प्रेट्र। भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई को केंद्र सरकार ने जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला लिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने शुक्रवार को इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 66 वर्षीय गोगोई को देश भर में उनकी यात्रा के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सशस्त्र कमांडो सुरक्षा प्रदान करेंगे।

राज्यसभा सदस्य गोगोई को पहले दिल्ली पुलिस सुरक्षा मुहैया करा रही थी। गोगोई नवंबर, 2019 में प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए और बाद में सरकार ने उन्हें राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया। सूत्रों ने बताया कि सीआरपीएफ वीआईपी सुरक्षा ईकाई है और गोगोई 63वें व्यक्ति हैं जिन्हें बल द्वारा सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के 8 से 12 कमांडो का सशस्त्र सचल दस्ता यात्रा के दौरान पूर्व प्रधान न्यायाधीश की सुरक्षा करेगा। उनके घर पर भी ऐसी ही दस्ता सुरक्षा में तैनात रहेगा।

स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप की सुरक्षा के बाद जेड प्लस भारत की सर्वोच्च सुरक्षा श्रेणी है। इस श्रेणी में संबंधित विशिष्ट व्यक्ति की सुरक्षा में 36 जवान होते हैं। इसमें 10 से ज्यादा एनएसजी कमांडो के साथ दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी या सीआरपीएफ के कमांडो और राज्य के पुलिसकर्मी शामिल होते हैं। हर कमांडो मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध करने की कला में माहिर होता है। सुरक्षा में लगे एनएसजी कमांडो के पास एमपी 5 मशीनगन के साथ आधुनिक संचार उपकरण भी होता है। इसके अलावा इनके काफिले में एक जैमर गाड़ी भी होती है जो मोबाइल सिग्नल जाम करने का काम करती है। देश में चुनिंदा लोगों को ही जेड प्लस की सुरक्षा प्राप्त है।

संक्षेप समाचार

प्रयागराज मॉल में बम की सूचना से मची खलबली खाली कराया गया मॉल

प्रयागराज। शुक्रवार की सुबह प्रयागराज के एक मॉल में बम मिलने की सूचना पर पुलिस विभाग में खलबली मच गई ' आननफानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मॉल में मौजूद सभी ग्राहक दुकानदारों को बाहर निकाला गया। पुलिस अधिकारियों ने बम निरोधक दस्ते के साथ ही किसी भी स्थिति से निबटने के लिए फायर ब्रिगेड को भी बुला लिया। पूरे मॉल का चप्पा चप्पा पुलिस ने जांचना शुरू कर दिया ' सूचना के बारे में बताया जा रहा है कि प्रयागराज में शुक्रवार सुबह किसी ने ट्वीट करके पुलिस को जानकारी दी कि पीवीआर के अंदर बम रखा है। इस सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी सिटी दिनेश सिंह कई थानों की फोर्स के साथ पीवीआर पहुंचे और उन्होंने पूरी सुरक्षा इंतजाम के साथ पीवीआर को खाली कराया। सभी दुकानें बंद करा दी गईं और लोगों को बाहर कर दिया गया। यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए यातायात पुलिस को लगा दिया गया। 1:00 बजे पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने जांच शुरू की।

एक ही रात चोरों ने छः घरों को बनाया निशाना

एक ही रात छः घरों का ताला टूटा, नगदी जेवरात समेत लाखों की चोरी के वारदात से क्षेत्र में दहशत

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के सुदनीपुर कलां गांव में बीती रात हौसला बुलंद चोरों ने कुहरे का भरपूर फायदा उठाते हुए आधा दर्जन घरों को अपना निशाना बनाया। वारदात की खबर पर स्थानिय पुलिस तथा सीओ फूलपुर फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर जांच पड़ताल की द्य प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए भुक्तभोगियों ने थाने में अलग अलग तहरीर दी है। गुरुवार की बीती रात सुदनीपुर कलां गांव में चोरों ने धावा बोलकर शेष नारायण द्विवेदीए सुरेन्द्र दूबेए माया मिश्राए जेठूलाल प्रजापति के घरों के ताले तोड़ कर नगदी व जेवरात उठा ले गये द्य इसी तरह चोरो ने गांव के ही यशवंत सिंह व विमलेश सिंह के घर भी दीवार में सेंध मारी का प्रयास किए लेकिन परिजनों के जग जाने और शोरगुल मचाने पर भाग निकले द्य चोरों के निशाने पर अधिकांशतया वही घर रहेए जिन घरों में ताला लटक रहा था द्य जेठू लाल बीमारी के चलते अपने कमरे में ताला लगाकर पत्नी के साथ बगल में रह रहे बेटे के कमरे में सोने चला गया था तो माया मिश्रा पीजीआई लखनऊ में दवा लेने के लिए एक हफ्ते पहले घर में ताला लगाकर चली गई थीए वही सुरेंद्र दुबे भी बेंगलुरु में रहते है यहां घर में ताला लगा हुआ था भुक्तभोगियों ने अलग अलग तहरीर देकर नगदी व जेवरात समेत लाखों की चोरी होने की सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने पर अडे. रहे । लेकिन पुलिस संयुक्त रिपोर्ट दर्ज करने के प्रयास में लगी है द्य खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी थी द्य बता दें कि माया मिश्रा के पट्टीदार के यहां दो साल पहले 9 जनवरी 2019 को हुई डकैती कांड में वुर्जुग दुर्गा देवी की हत्या हो गई थीए जिसका खुलासा आज तक नहीं हो सका है द्य उक्त घटना को भी लेकर ग्रामीणों ने थाने पर आक्रोश व्यक्त किया है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पूंछ तांछ के लिए उठाया है।

चोरी के घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस पूंछताछ करते हुए

चोरी के बाद बिखरा सामान

ग्राम समाज की जमीन पर भू माफियाओं का अवैध कब्जा

कोरांव। मामला कोरांव तहसील के मांडा थाना अंतर्गत ग्रामसभा पियरी का है। जहां पर ग्राम सभा की जमीन सनख्या 82 क रकबा 4.6 540 हेक्टेयर लगभग 21 बीघा कृषि योग्य भूमि है,जिस पर कूदर गांव निवासी अलाउद्दीन पुत्र बिस्मिल्ला,अब्दुल कादिर पुत्र अजमत अली, शाकिर अली पुत्र हनीफ, अब्दुल पुत्र साकिर अली व बबोल, सरफराज पुत्र अकबर अली, तौफीक पुत्र बबोल, इमामुद्दीन पुत्र नासिर अली, नईम अली व सूफी पुत्र गण अलाउद्दीन मड़हा व सीट रखकर जमीन को कब्जा करते जा रहे हैं । इस बावत पियरी गांव निवासी असगर, मोहम्मद खालिक, आजाद व मोहम्मद अली द्वारा 26 दिसंबर 2020 को उप जिलाधिकारी कोरांव को लिखित तौर पर शिकायत की गई है,लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई । बावजूद इसके 9 जनवरी 2021 को पुनः उप जिलाधिकारी कोरांव ,अपर जिला अधिकारी राजस्व प्रयागराज, सचिव राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया ।लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई ।अगर शासन-प्रशासन इस प्रकार मूक दर्शक बना रहा तो अप्रिय घटना भी हो सकती है । प्रधान प्रतिनिधि पप्पू सोनकर से बात की गई तो पता चला कि इसकी सूचना सारे अधिकारियों को दे दी गई है ।लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है ।

छोटे-छोटे उद्योगों से होंगी स्वावलंबी महिलाएं : रेनू

सेनेटरी पैड इकाई का उद्घाटन करते हुए

कौड़िहार प्रांगण में सेनेटरी पैड इकाई का हुआ उद्घाटन

नवाबगंज। विकास खण्ड कौड़िहार मुख्यालय प्रांगण में नवनिर्मित सेनेटरी पैड इकाई भवन का उद्घाटन कार्यक्रम आचार्य सियाराम द्विवेदी के आचार्यत्व मे पूजन अर्चन नारियल फोड़कर सम्पन्न हुआ। जिसमें दिशा नाम से सेनेटरी पैड का उत्पादन किया जाएगा एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विक्रमाजीत मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव रहे जिला पंचायत राज अधिकारी ने इस इकाई की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के छोटे- छोटे उद्योगों से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में सहयोग मिलेगा एवं वह आत्मनिर्भर बनेंगी उन्होने उद्योग प्रभारी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के और उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडीपीआरओ आशुतोष कुमार,खण्ड विकास अधिकारी विकास शुक्ल, भाजपा नेता तुलसीराम यादव,विनोद ओझा, तुलसीराम सरोज, मण्डल अध्यक्ष राजू पाल, रूद्र सेना प्रयाग के संचालक सुनील तिवारी ₹रूद्र₹ ऋतुराज पाण्डेय, सुनील सिंह, सत्यम गुप्ता, प्रधान कृष्णा पाल, अजय मार्शल, शिवपूजन, मनोज केसरवानी कार्यक्रम के आयोजक सहायक विकास अधिकारी पंचायत व पंचायत उद्योग प्रभारी अनिल कुमार पाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

नगर निगम की ट्रक ने तोड़ा फाटक, लगा रहा भीषण जाम

जसरा। प्रयागराज बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जसरा रेलवे फाटक पर लगने वाला जाम अब दिन पर दिन मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। शुक्रवार की सुबह 11:00 बजे प्रयागराज से शंकरगढ़ के बिहरिया गौशाला के लिए नगर निगम की गाड़ी गाय को लादकर जा रही थी कि जसरा में बंद रेलवे फाटक को तोड़ते हुए अंदर घुस गई। आनन-फानन में रेलवे कर्मचारियों ने नगर निगम की ट्रक को पकड़ कर कार्यवाही के लिए रेलवे अधिकारियों को सूचित किया।

जसरा रेलवे फाटक सुबह 11:00 बजे जैसे ही बंद हुआ नगर निगम प्रयागराज की ट्रक ने फाटक पर जोरदार टक्कर ढंमारकर उसे तोड़ दिया। केबिन में मौजूद कर्मचारी वृजेन्द्र कुमार ने तत्काल मौके पर पहुंचकर गाय लदी नगर निगम की ट्रक को पकड़ कर उससे पूछताछ की। इधर फाटक टूट जाने के कारण क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। किसी तरह कर्मचारियों के प्रयास से टूटा हुआ फाटक घंटों बाद बनने के बाद जाम से लोगों को राहत मिली थी कि दोबारा ट्रेनों के जल्दी जल्दी आने जाने से पुनःजाम लग गया। जो शाम साणढे.पांच बजे खुला।

रेलवे फाटक की मरम्मत करते कर्मचारी

भीषण जाम में फंसे वाहन

जाम में फंसे रहे यात्री

भीषण जाम में फंसे यात्रियों के वाहनों के निकलने का कोई और रास्ता न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

फंसी रही एम्बुलेंस

जाम में कई घंटे गंभीर मरीजों को लेकर प्रयागराज जाने वाली एम्बुलेंस फंसी रही। एम्बुलेंस का सायरन बजता रहा लेकिन एम्बुलेंस जाम से नहीं निकल पाए।

जसरा की दूकानदारी चौपट

प्रतिदिन जसरा बाजार में लगने वाले जाम के कारण बाजार के ब्यवसाइयों की दूकानदारी चौपट रही।

विधायक बारा ने जल्द ओवरब्रिज बनने का दिया आश्वासन

जसरा रेलवे फाटक पर प्रतिदिन लगनेवाले जाम को देखते हुए विधायक बारा डा० अजय कुमार ने बताया कि फाटक पर ओवरब्रिज की बात चल रही है। इससे शीघ्र निजात मिलेगी।

जालसाजों ने खाताधारक को लगाया बीस हजार का चूना

शंकरगढ़। जालसाजों द्वारा एक खाता धारक के खाते से बीस हजार रूपए निकाल लिया गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जय प्रकाश एसोसिएट थर्मल पॉवर प्लांट में काम करने वाले महेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इनका खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा शंकरगढ़ में है।शुक्रवार को उनके खाते से लगातार तीन बार में बीस हजार रुपया निकल गया। खाता धारक को जब इसकी जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए।खाता धारक ने इसकी शिकायत शाखा प्रबंधक से करते हुए जब पता किया तो पता चला कि प्रयागराज के फूलपुर में एटीएम द्वारा तीन बार बीस हजार रुपया निकाल लिया गया। भुक्तभोगी ने इसकी शिकायत थाने में भी की है।

जनेश्वर मिश्र को सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

पुण्यतिथि पर आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित सपा नेता

फूलपुर। छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध पंडित जनेश्वर मिश्र की 11वीं पुण्यतिथि पर सपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को फूलपुर के बाबूपुर गांव में आयोजित संगोष्ठी में सपाइयों ने जनेश्वर मिश्र की जीवनी पर प्रकाश डाला।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के निवर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नसीर उद्दीन राईन ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि छोटे लोहिया के नाम से विख्यात पंडित जनेश्वर मिश्र हम लोगों के अभिभावक एवं आदर्श थे। समाजवादी दर्शन को हम लोग जनेश्वर मिश्र के माध्यम से ही जानते है। संगोष्ठी की अध्यक्षता समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवीन्द्र यादव व संचालन सपा नेता सौरभ यादव ने किया। मौके पर सैय्यद सुहेल अहमद, अनीता श्रीवास्तव, कुमार मंगल, मुराद अली मंसूरी, परवेज आलम, फिरोज राईन, सुजीत यादव, अखिलेश यादव, शारिब एडवोकेट, ध्रुव विश्वकर्मा, अरशद खान, मो. वाजिद तूफानी, सुनील पाल, आदर्श यादव, आर के सरोज, आशीष यादव, संदीप यादव, गौरव यादव, रवींद्र पाल, सूबेदार यादव, दिनेश यादव सहित सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जन जन के जनेश्वर याद किये गये

उरुवा। महान समाजवादी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 11वीं पुण्यतिथि पर मेजा क्षेत्र के भड़ेवरा मे सपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह के आवास पर सादगीपूर्ण रूप से कार्यक्रम कर उन्हें याद व नमन करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। छोटे लोहिया के परम शिष्य, सपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह ने मेजा के भड़ेवरा में अपने आवास पर जनेश्वर मिश्र के अनुयायिओ के साथ अपने नेता की जयन्ती पर उन्हे याद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजनीति सहित उत्तर प्रदेश की राजनीति में जन नेता के रूप में समाजवादी पार्टी के अंदर और बाहर युवा नेतृत्व को पहचान दिलाने में जनेश्वर जी का श्रम साध्य प्रयास सदैव याद किया जाएगा। आज सपा नेता नरेन्द्र सिंह ने कहा कि "श्रद्धेय जनेश्वर जी संपन्नता और समानता के लिए होने वाले संघर्ष के बहुत बड़े रचनाकार थे। उनकी मौजूदगी मे बहुत बड़ा बल होता था। आज उनकी याद को ही उनकी मौजूदगी मे परिवर्तित करने की जरूरत है। इस अवसर पर पियुष कुमार सिंह (राजू), नरेन्द्र मिश्र, प्रेम चन्द्र यादव , भोला पाल, हिमान्शु कुमार सिंह, अशर्पी पाल, पारस निषाद, गोपी चन्द्र निषाद, विजय बहादुर कुशवाहा, राम खेलावन यादव, सत्येन्द्र मिश्र सोनू, मोहित शर्मा, शिवम सिंह, अंकित आदि रहे।

भाजपा जुल्मों की पार्टी पूंजीपतियों की सरकार : पूर्व सांसद

किसान महासम्मेलन में किसानों ने जताया किसान बिल का विरोध

उतरांव। प्रतापपुर विधानसभा के मोहनगंज बाजार में सपाइयों ने किसान महा सम्मेलन लगा कर सरकार के खिलाफ दहाड़ लगाई हैं। किसान महा सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को 51 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धर्मराज सिंह पटेल रहे।भाजपा जुल्मों की पार्टी पूंजीपतियों की सरकार है। किसान विरोधी बिल किसानों के हित में नही पूंजीपतियों के हित मे है। विशिष्ठ अतिथि जोखुलाल यादव पूर्व विधायक ने कहा कि अगर सपा की सरकार बनी तो किसानों पर बने काले बिल कानून को खत्म कर दिया जायेगा। पूर्व सपा विधायिका विजमा यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार के जो भी कार्य रहे व सराहनीय कार्य रहा है। हाजी माशूक खान ने कहा कि इस सरकार से किसान की स्थिति दयनीय बन गयी है। किसानों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष योगेश पाल ने कहा कि भाजपा लोगो को गुलाम बनाना चाहती हैं।वर्तमान नई शिक्षा नीति लाई है जो लोगो के लिए खतरनाक होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामनाथ यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन अवधेश यादव ने की।

आयोजक योगेन्द्र यादव, पवन यादव, अजीत यादव, भोला यादव, बिल्लू भाई, वीर सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष राम सुमेर पाल, सपा नेता व प्रबंधक शशिकमल यादव, जिला उपाध्यक्ष, पनधारी यादव, सुषमा पासी, द्वारिका कुशवाहा, रीता मौर्य, पूर्व जिप सदस्य राज बहादुर यादव, पवन यादव, सालू यादव, शिव भूषण एडवोकेट, लालजी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए

कबाड़ बिन रहे अधेड़ की अचानक मौत, परिजनों में कोहराम

घूरपुर। घूरपुर के इरादतगंज रेलवे स्टेशन पर कबाड़ बिन रहे एक बृद्ध की अचानक मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजन भी रोते बिलखते पहुंचे। पहुंची जीआरपी ने जांच पड़ताल कर शव को परिजनों को सौंप दिया। कीडगंज निवासी सुरेश बंसल (60) कबाड़ बिनने का काम करता है। शुक्रवार की सायंकाल वह इरादतगंज रेलवे स्टेशन पर कबाड़ बिन रहा था कि अचानक गश खाकर जमीन पर गिर गया आसपास के लोग पहुंच देखे तब तक उसकी मौत हो गई थी। मौत की सूचना पर रोते बिलखते बेटा किशन सहित परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को परिजनों को सौंप दिया। लोगो ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रथम बैच का चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

शंकरगढ़। आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण ई.सी.सी.ई संचालन हेतु ब्लॉक स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रीति सिंह की देखरेख में पूर्ण कराया गया जिसमें 20-20 के दो बैच में चालीस आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों पर गुणवत्ता पूर्ण देखभाल और शाला पूर्व शिक्षा (ई.सी.सी. ई.) के सही संचालन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण में ई.सी.सी.ई. का महत्व, दैनिक दिनचर्या, सजावट, बैठने की व्यवस्था, भेदभाव पर आधारित कहानियो के साथ साथ अनेक गतिविधियां करायी गयी । खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रीति सिंह ने प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि जो कुछ आप लोगो ने प्रशिक्षण में सीखा है उसका शासन की मंशा के अनुरूप क्रियान्वयन करें जिससे उसका लाभ लोगो को मिल सके।आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को एआरपी अमित कुमार, बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर सुषमा देवी व सरिता देवी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं शुक्रवार से चार दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र में शुरू हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यत्रियां

खेलकूद से आपसी भाईचारा बढ़ता है : संजय बनकटा

प्रतापपुर। जिला पंचायत क्षेत्र वार्ड नंड्ड 1 प्रतापपुर के ग्राम सभा बजती शिव पूरा में समाजसेवी भाजपा नेता संजय मिश्रा बनकटा ने क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन किया।और कहा कि खेलकूद से आपसी भाईचारा बढ़ता है खेलकूद को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इसमें व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्वी नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर संजय दुबे, प्रदीप पांडेय, हाशिम प्रधान, आकाश तिवारी, सुनील गुप्ता, सचिन ठाकुर, अमित यादव, फैज, अनवर आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

समर्पण अभियान के तहत सहयोग राशि प्रदान किया गया

नैनी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के तहत गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित संडवा कला गांव निवासी विष्णु गिरि 11,000, दिनेश गिरि 51 हजार, राम सिंह यादव ने 11,000 वहीं विजय प्रताप सिंह भाग संघचालक के द्वारा एक लाख एक हजार रुपए का योगदान दिया गया।

फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि बृजेश भारतीया

नारीबारी। विकास खंड शंकरगढ़ के रूम ग्राम पंचायत में क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। क्रिकेट खेल के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में बढ़ रही है रूचि जहां वे अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका प्राप्त करते हैं इसी कड़ी में रूम स्थित सरदार पटेल इंटर कालेज के मैदान में सरदार पटेल क्रिकेट टूनार्मेंट क्लब द्वारा एक उदघाटन कार्यक्रम रखा गया जिसकी अध्यक्षता सूनील पाल ने किया और मुख्य अतिथि बृजेश भारतीया पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा काशी प्रान्त ने फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धर्मराज पाल, सुभाष सिंह पटेल, पन्ना लाल, बलराम, रामविशाल, विक्रमा सिंह, मुनिराज सिंह, राज बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप समाचार

पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर 25 को करछना में कार्यक्रम में भाग लेंगे

करछना। भागीदारी संकल्प मोर्चा राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश भारत सरकार ओम प्रकाश राजभर जी के द्वारा आगामी 25 जनवरी को प्रयागराज इंस्टीटयूट आंफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट वेदौ करछना में कार्यकर्ता बैठक एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है जिसकी जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईजी 0 विकास कुमार सिंह ने पार्टी के कार्यकताओं सहित क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की।

शिवा जी बालीबाल प्रतियोगिता 30 से

करछना। तहसील क्षेत्र के एडीए कालोनी शिवाजी बी ब्लाक के खेल ग्राउन्ड में 30 व 31 जनवरी को शिवाजी खेलकूद जनहित समिति द्धारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय द्धितीय शिवाजी बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमे इच्छुक खिलाडी प्रतिभाग कर सकते है।उक्त आशय की जानकारी समिति के पदाधिकारी आन्नद शर्मा ने दी।

आरएसएस नेता को सरेराह बदमाशों ने मारी गोली

ड्यूटी करके ई रिक्शा से जाते समय मऊआइमा के शिवपुर एंव छपाई बाग के पास बाइक सवारों ने घटना को दिया अंजाम

मऊआइमा। परिवहन निगम के संविदा कर्मचारी तथा आरएसएस के खंड कार्यवाहक दिनेश कुमार मौर्या को शुक्रवार की सुबह दो बाइकों से पहले से घात लगाए बदमाशों ने घर जाते समय ई रिक्शा पर बैठे कर्मी को कंपटी पर गोली मार दी। और भाग निकले । खून से लथपथ दिनेश मौर्या को देखकर ई रिक्शा चालक जोर-जोर से चिल्लाने लगा। ग्रामीणों एवं पुलिस के आने पर उसे लाद फांद कर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां डाक्टरों के जवाब देने पर एसआरएन में भर्ती कराया गया। जहां दिनेश मौर्या के कंपटी में फंसी गोली को आपरेशन करके निकाला गया। अब वह खतरे से बाहर हैं। मौके पर एसएसपी, एसपी गंगापार, सीओ सर्किट के थानों की फोर्स पहुंच गए । घायल के भाई राकेश मौर्या ने मऊआइमा थाने में पूर्व प्रधान सहित पांच के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस घटना में प्रयुक्त दोनों बाइकों को बरामद कर लिया है। तथा कई को हिरासत में ले लिया है।

इलाजरत आरएसएस नेता

पुलिस के कब्जे में बदमाशों की बाइक

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी दिनेश कुमार मौर्या 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम सुमेर मौर्या लखनऊ में परिवहन निगम में परिचालक के पद पर संविदा कर्मचारी है । तथा गांव में आरएसएस के खंड कार्यवाहक भी है। बताया गया है कि गुरुवार रात डयूटी करके प्रयागराज रोडवेज बस से दिनेश कुमार शुकरवार की सुबह मऊआइमा थाना पडाव आया। यहां खडे ई रिक्शा से गांव के लिए चला। जैसे ई रिक्शा शिवपुर मरखामऊ के बीच पहुंचा तभी दो बाइकों से चार सवारों में एक ने दिनेश कुमार मौर्या के कंपटी में गोली मार दी। वह ई रिक्शा पर खून से लथपथ तड़पने लगा। ई रिक्शा चालक ने शोर मचाया ग्रामीणों तथा परिजनों तथा पुलिस के आ जाने पर घायल हालत में दिनेश कुमार मौर्या को पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने एसआरएन के रेफर कर दिया। बताया गया है कि दिनेश कुमार मौर्या के कंपटी पर गोली मारी गई है। गोली धंशी होने के कारण आपरेशन से गोली निकाली गई। अब वह खतरें से बाहर हैं। इस घटना से गांव में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर आर एस एस के तमाम नेता तथा एस एस पी सर्वेष्ठ त्रिपाठी, एस पी गंगापार धवल जायसवाल, सीओ अमिता सिंह सोरांव सर्किल की फोर्स पहुंच गए। उधर घायल दिनेश मौर्या के बडे भाई राकेश मौर्या ने मऊआइमा थाने में पुरानी रंजिश के बिना पर गोली मारने का आरोप लगाते हुए । ग्राम सुलतानपुर खास निवासी अबुल उर्फ जैद, गुलफाम, अतीक अहमद, मासूम पर गोली मारने और धमकाने तथा सुलतानपुर खास के पूर्व प्रधान अहमद वाजिद अली उर्फ बचऊ को बदमाशों को शरण देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर घटना में प्रयुक्त दो बाइकों सहित कुछ नामजद आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उधर एसपी गंगापार धवन जायसवाल कहना है कि जल्द सारे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाए। कुछ को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

वारदात के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस पूंछताछ करते हुए

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति(दिशा) की बैठक सम्पन्न

कार्यों को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किया जाय : सांसद, प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी

कराये जा रहे कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जाये : सांसद, केशरी देवी पटेल

प्रयागराज। मा0 सांसद इलाहाबाद श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल सहअध्यक्ष के रूप में उपस्थित रही। मा0 सांसद इलाहाबाद द्वारा बैठक में कहा गया कि मा0 प्रधानमंत्री जी और और मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों की गति कम नही होनी चाहिए। उसी के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पिछले बैठकों की कार्यवृत्त पर चर्चा करते हुए जानकारी ली कि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजनान्तर्गत जो भी हैण्डपम्प रिबोर हुए है, उनकी एक सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी जाये। पं0 दीन दयाल ग्रामीण ज्योति योजना के तहत स्मार्ट मीटर एवं विद्युतीकरण के कार्य के बारे में जानकारी ली। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए नहरों में पानी की स्थिति की जानकारी ली तथा यमुनापार में सिंचाई विभाग द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। उन्होंने मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए जानकारी ली कि मनरेगा के भुगतान में कोई दिक्कत तो नहीं है और मनरेगा के तहत कितने प्रतिशत कार्य बढ़े है तथा भुगतान ससमय सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की, जिसमें डी0सी0एनआर0 एल0एम0 द्वारा बताया गया कि कोरोना संक्रमण के दौरान संगठन की महिलाओं द्वारा जनपद में मास्क एवं स्कूली बच्चों के डेज्स बनाकर प्रदेश में द्वितीय स्थान रहा है, जिसपर मा0 सांसद द्वारा कहा गया कि लखनऊ में

3बैठक में उपस्थित सांसद व अधिकारीगण

आकांक्षा जैसा स्टाल है, वैसा एक प्रयागराज में भी स्टाल होना आवश्यक है। मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल द्वारा विद्युतीकरण में एल0एन0टी0 द्वारा कार्य कराये गये है, उसकी जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। मा0 सांसद इलाहाबाद ने पेंशन योजनाओं में वृद्धापेंशन, विधवा पेंशन तथा दिव्यांगजन पेंशन की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को अच्छादित किया जाये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री शादी योजना की भी जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाये गये शौचालयों के साफ-सफाई की जानकारी ली, जिसमें नगर आयुक्त श्री रवि रंजन द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्रों में शौचालयों की साफ-सफाई नामित एजेंसियों द्वारा करायी जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल जीवन बीमा योजना एवं डिजिटल इण्डिया के कार्यों के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए नये बने सी0एच0सी0 की संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कोविड वैक्सीनेशन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जो भी गांव गोद लिये गये है, उनकी कार्यों की प्रगति तथा जो भी योजनाएं चलायी जा रही है, उसमें जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में मा0 विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक मेजा-श्रीमती नीलम करवरिया, विधायक कोरांव-राजमणि कौल, विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्य, विधायक सोरांव डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज एवं जनप्रतिनिधिगणों के अलावा जिलाधिकरी भानु चन्द्र गोस्वामी, नगर आयुक्त-रवि रंजन, मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार, पीडी0डी0आर0डी0ए0 के0के0 सिंह, डीडीओ ए0के0 मौर्या सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला अधिवक्ता संघ नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ग्रहण किया कार्यभार

नवनिर्वाचित कमेटी के पदाधिकारी

नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष वह मंत्री सहित समस्त कार्यकारिणी ने सभी सम्मानित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया

प्रयागराज। जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित कमेटी द्वारा शुक्रवार को चार्ज ग्रहण किया गया निर्वाचन कमेटी द्वारा नियमानुसार चार्ज कार्यभार नवनिर्वाचित कमेटी को सौंपा गया। नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष राधा रमण मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजीत यादव, उपाध्यक्ष शिमला पांडे, मंत्री गण विद्याभूषण द्विवेदी व प्रमोद सिंह नीरज संयुक्त मंत्री नरेंद्र मिश्र, पिंटू कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद मिश्र, लाइब्रेरियन राम मणि शुक्ला, ऑडिटर अंबरीश त्रिपाठी तथा कार्यकारिणी सदस्य नवीन त्रिपाठी, भावना पांडे अभय कुमार द्विवेदी, अजय कुमार पांडे, आशीष मिश्र, आलोक त्रिपाठी, अतुल कुमार दुबे, अजय कुमार यादव, संतोष कुमार मिश्रा, अमित सिंह उपस्थित रहे नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष वह मंत्री सहित समस्त कार्यकारिणी ने सभी सम्मानित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

गणतन्त्र दिवस संदेश

प्रिय रेल कर्मियों, अपने देश के 72वें गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर मैं सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। हमें ज्ञात है कि 26 जनवरी के ही दिन 1950 में भारत ने अपना संविधान अपनाया और इस प्रकार दुनिया के नक्शे पर एक गणतंत्र राज्य के रूप में उभरा था। इस अवसर पर हम महान देशभक्तोंए शहीदों तथा अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हैं।

हमारा संगठन भारतीय रेल के विकास हेतु सुरक्षित, कुशल, पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली वाले परिचालन के माध्यम को लागू कर भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की ओर सतत प्रयत्नशील है। हमें वर्ष 2020.21 के दौरान भारतीय रेल के 4056 रूट किलोमीटर को विद्युतीकृत किए जाने का कठिन लक्ष्य मिला है। जैसा कि विदित हैए इस वित्त वर्ष के शुरूआती माह कोविड महामारी के वजह से पूर्णरूपेण लाकडाउन मे ही व्यतीत हुएए जिसके कारण विद्युतीकरण का कार्य बाधित हुआ। इसके बावजूद चालू वित्त वर्ष में अब तक संतोषजनक प्रगति हो चुकी है। इस वर्ष महत्वपूर्ण रेल मार्गों के अविद्युतीकृत मिसिंग लिंक एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी खण्डों के विद्युतीकरण पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। कटनी.सतना खंड के विद्युतीकरण होने से प्रयागराज से होते हुए पटना से मुम्बई तक विद्युतीकृत मार्ग पर संचालन सम्भव हुआ है। कनकपुरा.जयपुर मार्ग के विद्युतीकृत होने से दिल्ली से जयपुर तथा प्रयागराज से जयपुर तक विद्युतीकृत मार्ग पर परिचालन प्रारम्भ हुआ है। जबलपुर-नैनपुर-गोदिया सेक्शन के विद्युतीकृत होने से दक्षिण भारत की ओर जाने वाली ट्रेन, जबलपुर से इटारसी के बजाय अब गोंदिया होकर जायेगी जिसके फलस्वरूप दक्षिण भारत की दूरी अब 270 किलोमीटर कम हो गई है। इससे समय और लागत में अपार बचत हो रही है ।

प्रिय साथियो, हमने कोविड आपदा का उपयोग एक अवसर के रूप में करते हुए अपनी दक्षता व पूर्ण क्षमता से प्रदर्शन को और बेहतर बनाया है। इस दौरान एक दिन में सर्वाधिक वायरिंग शॉट्स और एक दिन में अधिकतम मास्ट इरेक्सन का कीर्तिमान बनाया गया। नवाचार के नये उपायों को अपनाते हुएए इस वर्ष कोर की चेन्नई परियोजना ने भारतीय रेल में पहली बार सिलेंड्रिकल फाउंडेशन कास्टिंग को आरम्भ किया। कोर द्वारा विभिन्न परियोजना इकाइयों में कोविड की अवधि के दौरान विद्युतीकरण की गतिविधियों में 86264 मानव दिवस का कार्य प्रवासी श्रमिकों के लिए सृजित किया गया । जिससे महानगरों से आये श्रमिकों को कोरोना.काल में अपने गृह जनपद में ही रोजगार मिल सका । वित्तीय वर्ष 2020.21 मे अब तकए 25 टीएसएस एवं 73 एसपीध्एसएसपी चालू किये गए हैं। इसी प्रकारए 69 स्टेशनों तथा 29 समपार फाटकों पर विद्युतीकरण के अनुरूप सिग्नल मॉडिफिकेशन का कार्य भी किया गया एवं 35 नये ब्लाक इन्स्ट्रूमेंटों को बदला गया। उपर्युक्त उपलब्धियां हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों की जबरदस्त क्षमता एवं प्रतिबद्धता को

दशार्ती हैं । इंजीनियरिंग शाखा ने इस वित्त वर्ष में 49 टीएसएस, 47 डिपो, 22 टावर कार शेड, 19 एफओबी, 3 आरओबी एवं 492 स्टाफ क्वार्टर की उपलब्धता सुनिश्चित कर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कोर में अब ई आफिस का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया गया है जिससे पेपर लेस वर्किंग के साथ ही कार्य का निपटान शीघ्रता से हो सकेगा। ई.टेण्डर/ई.रिवर्स आक्शन एवं इलेक्ट्रानिक टेण्डर कमेटी के संसाधनों के प्रयोग द्वारा टेन्डर प्रक्रिया के शुरूआत से कायार्देश जारी करने तक का सम्पूर्ण कार्य ई.टेण्डरिंग के माध्यम से किया जा रहा है। कोर में ऑनलाइन इंडेंट की प्रक्रिया शुरू की गई और यूजर डिपो माड्यूल भी लागू किया गया। मुझे यह बताते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है कि कुछ ही दिन पहले राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हमारे अहमदाबाद परियोजना के परियोजना निदेशक को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया है। रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण हेतु पूर्णतरू समर्पित है। रीवो द्वारा कोविड से बचाव हेतु जिला राहत कोष में एक लाख रुपये का योगदान दिया गया।

मै मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों और संघों को अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ जिन्होंने संगठन को रेल विद्युतीकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति और उत्कृष्टता की उपलब्धि में सहयोगात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाई है।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

विभाग और फैकल्टी के स्थान पर होंगे स्कूल

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्व विद्यालय में विभाग और फैकल्टी के स्थान पर स्कूल होंगे। इसके लिए भिन्न-भिन्न विषयों के लिए अलग-अलग स्कूल स्थापित किए जाएंगे। नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए यह बदलाव किया जाएगा। इविवि में शैक्षिक सत्र 2023 से प्रभावी रूप से नई शिक्षा नीति लागू की जाएगी। यह निर्णय गुरुवार को कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी के बैठक में लिया गया। नई शिक्षा नीति के क्रियावंयन को लेकर कुलपति की अध्यक्षता में कोर कमेटी गठित की गई हैं। कोर कमेटी में सभी डीन सीनियर प्रो. पंकज कुमार, प्रो. बद्रीनारायण और प्रो. विवेक तिवारी सदस्य हैं।

मण्डलायुक्त एवं आईजी ने प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

प्रयागराज। मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार एवं आईजी के0पी0 सिंह ने शुक्रवार को माघ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउण्ड के त्रिवेणी मार्ग पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। तुलसी कथा रघुनाथ की एवं स्थानीय ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए प्रदर्शनी लगायी गयी है। मण्डलायुक्त तथा आईजी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व से

प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते मण्डलायुक्त व आईजी

सम्बंधित स्थलों तथा गोस्वामी तुलसी दास जी के द्वारा रचित रामकथा से सम्बंधित प्रसंगों के बारे में एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए उपयोगी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों का एक स्थान पर संकलन होना प्रदर्शनी के महत्व को और अधिक बढ़ाता है। प्रदर्शनी में बडे. हनुमान जी, अक्षयवट, संगम, उल्टा किला, खुशरोबाग, श्रृंगवेरपुर धाम, मनकामेश्वर, नौलखा मंदिर, विश्वविद्यालय, तारामण्डल, भरद्वाज मुनि, ललिता देवी, नागवासुकी मंदिर सहित अन्य धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से सम्बंधित तथा कोरोना से बचाव एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को जानकारी दिये जाने हेतु प्रदर्शनी लगायी गयी है। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी- इन्द्रमणि पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी-ऋषभ देव त्रिपाठी, आशीष सिंह, कर्मवीर खरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सपा अध्यक्ष जनेश्वर मिश्र के सपनों को साकार करने का प्रयास कर रहे हैं : नरेन्द्र सिंह

छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 11वीं पुण्यतिथि पर सपाजनों ने उनके चित्र पर माला फूल अर्पित कर किया नमन।, किसानों, गरीबों और नौजवानों के मसीहा थे जनेश्वर मिश्र : नरेन्द्र सिंह

प्रयागराज। महान समाजवादी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 11वीं पुण्यतिथि पर सपाईयों ने सुक्रवार को मेजा क्षेत्र के भड़ेवरा मे सादगीपूर्ण रूप से कार्यक्रम कर उन्हें याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह के अगुवाई मे सपा नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा जनेश्वर मिश्र के चित्र पर फूल माला अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई। छोटे लोहिया के परम शिष्य, सपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह ने मेजा के भड़ेवरा में अपने आवास पर समर्थकों के साथ अपने नेता की पुण्यतिथि पर उन्हे याद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजनीति सहित उत्तर प्रदेश की राजनीति में जन नेता के रूप में समाजवादीपार्टी के अंदर और बाहर युवा नेतृत्व को पहचान दिलाने में जनेश्वर जी का श्रम साध्य प्रयास सदैव याद किया जाएगा। आज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव जनेश्वर जी के सपनों को साकार करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि देते सपाई

नरेन्द्र सिंह ने कहा कि श्रद्धेय जनेश्वर जी संपन्नता और समानता के लिए होने वाले संघर्ष के बहुत बड़े रचनाकार थे। उनकी मौजूदगी मे बहुत बड़ा बल होता था। आज उनकी याद को ही उनकी मौजूदगी मे परिवर्तित करने की जरूरत है।

इस अवसर पर सर्व पियुष कुमार सिंह राजू , प्रेम चंद यादव, नरेन्द्र मिश्र, भोला पाल, हिमान्शु कुमार सिंह, अशर्पी पाल, पारस निषाद, गोपी चन्द्र निषाद, विजय बहादुर कुशवाहा, राम खेलावन यादव, सत्येन्द्र मिश्र सोनू, मोहित शर्मा, शिवम सिंह, अंकित शर्मा, अनूप प्रजापति, महेश प्रजापति, आदि ने पुष्प माला अर्पित कर उनको याद किया।

संक्षेप समाचार

सपाइयों ने मनाया जनेश्वर मिश्र पुण्यतिथि

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया की पुण्यतिथि गोष्ठी के रूप में मनायी गयी।अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता गुलफाम खान व संचालन पूर्व जिलामहासचिव मो.अनीस खान ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी ने कहा कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र जी सदैव समाजवाद के लिए संघर्ष करते रहे यही कारण रहा कई बार केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद उनका अपना कोई निजी आवास नहीं रहा, छात्र राजनीति, युवा राजनीति एवं समाजवाद के लिए संघर्षरत जनेश्वर मिश्र जी सदैव संघर्ष करने वाले नेता के रूप में याद किए जाएंगे।समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को उनके पद चिन्हों पर चलते हुए उनके सपने को साकार करने के लिए 2022 में माननीय अखिलेश यादव जी को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर वासिक खान, संजीव गुप्ता, इरफान खान, हरीश शुक्ला, नरेंद्र पाल एडवोकेट, डॉ.रामबहादुर पटेल, बृजेश यादव, सद्दाम हुसैन, अमीरुल हक, नीरज तिवारी, अरविंद यादव,शकील अहमद, सुनील सैनी, मीर एखलाक, अनुज सरोज, मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

कोरोना से मुक्ति पर महिलाओं ने की अवसान मइया की पूजा

मानधाता। इलाके के छितपालगढ़ व आसपास की महिलाओं ने कोरोना काल में अवसान मइया का पूजन कर संक्रमण से मुक्ति दिलाने की मनौती मांगी थी। अब जबकि कोरोना संक्रमण का प्रभाव काफी कम हो गया है ऐसे में छितपालगढ़ स्थित मां काली के पुराने मंदिर पर महिलाओं का जमावड़ा हुआ और सामूहिक रूप से अवसान मइया की पूजा अर्चना की गई। पूजन पर आने वाले खर्च की जिम्मेदारी गांव के प्रेमचन्द्र सोनी ने उठाई। करीब चार घंटे चले पूजन के बाद इलाकाई समाजसेवी पंकज मिश्र ने पूजन में शामिल 251 महिलाओं को कपड़े भेंट किए। उन्होंने कहा कि अवसान मइया के प्रति महिलाओं की आस्था का परिणाम है कि संक्रमण के कठिन दौर से निकलकर हम लोग सुरक्षित हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में सात कार्मिक रहे अनुपस्थित

जिलाधिकारी ने कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया तो उसमें प्रधान सहायक उमाशंकर मिश्र व कौशल कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक अतुल कुमार विश्वकर्मा, दफ्तरी रामदेव एवं परिचारक के रूप में मीना तिवारी, श्याम शंकर सरोज व सुरेन्द्र कुमार दूबे अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी अनुपस्थित 07 कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी कार्मिक निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहे और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

एसपी के आदेश पर जिले के सभी थानों पर हुई वाहन चेकिंग

अभियान चलाकर सघन चेकिंग की जा रही जिसमें बिना नम्बर प्लेट के वाहन, प्रेशर हार्थ, काली फिल्म हेल्मेंट, मास्क हो रहा चेक

प्रतापगढ़। जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है ,जिसमें नये उम्र के लड़के, बिना नंबर प्लेट के वाहनों, प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म लगे वाहनों, हेलमेट, मास्क आदि को चेक किया जा रहा है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ शिवहरी मीना द्वारा भिन्न-भिन्न थानाक्षेत्रों पर की जा रही चेकिंग का निरीक्षण किया गया तथा स्वयं भी चेकिंग कराई गई। सुबह 9बजे से दोपहर दो बजे तक चेकिंग के दौरान जनपद में कुल 730 वाहनों को चेक किया गया ,जिसमें से 04 वाहन सीज, 48 वाहनों का चालान किया गया व मास्क का प्रयोग न करने पर 28 व्यक्तियों से 2800 रुपए शमन शुल्क वसूला गया।

साहबगंज में आयोजित कवि सम्मेलन में बही कविता की धारा

प्रतापगढ़। भारत-भारतीय ने डॉ०राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल की स्मृति में आदर्श इण्टर कालेज साहबगंज में एक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें कवियों ने राष्ट्रीय एकता, सद्भाव व समरसता की रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर किया। अजय सोनी के संयोजन में हुए इस कवि सम्मेलन का शुभारंभ जया मिश्रा की सरस्वती वन्दना से हुआ। लोकेश त्रिपाठी ने माँ की महत्ता को रेखांकित करती हुई रचना से लोगों के मन को छुआ तो संदीप कुमार बालाजी ने महाराणा प्रताप के शौर्य एवं स्वाभिमान को श्रोताओं के समक्ष रख कर ओज का संचार किया। जया मिश्रा ने बेटियों पर मर्मस्पर्शी रचना पढ़ा तो अजय सोनी के प्रेम एवं सद्भाव के गीतों ने मन को आह्लादित किया। राम बदन शुक्ल पथिक ने मलकिन तो परधान होइ गईं रचना से लोगों को हँसाया तो संचालन कर रहे डॉ०रणजीत सिंह ने हथकटे की दास्तान कविता से राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करते हुए वीर रस को प्रवाहित किया।अध्यक्षता कर रहे प्रेम जौनपुरी ने हास्य -व्यंग्य की कविताओं का वाचन किया।

ईंट भट्ठे पर कोहंड़ौर पुलिस का डेरा

ईंट भट्ठे पर कोहंड़ौर पुलिस का डेरा

अवैध शराब बिक्री करने वाले तस्कर की पत्नी को पुलिस ने लिया हिरासत में

प्रतापगढ़। शराब पीने से दो मजदूरों की मौत होने के बाद ईंट-भट्ठा की झोपड़ी से अन्य मजदूर भाग निकले हैं। देर रात मौके पर एसपी,एसडीएम व आबकारी की टीम जांच करने पहुंची लेकिन जब कोई नहीं मिला तो सभी वापस लौट आए। ईंट-भट्ठे पर अवैध शराब की बिक्री करने वाले आरोपित की पत्नी सहित इलाके के अलग- अलग गांव से एक दर्जन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोहंड़ौर के चंद्रभानपुर गांव स्थित ईंट-भट्ठे पर शराब का सेवन करने से दो मजदूरों की मौत होने व पांच लोगों की हालत बिगड़ने के जानकारी के बाद अन्य मजदूरों में हड़कंप मचा रहा। प्रशासन की कार्रवाई के डर से भयभीत मजदूर आधी रात भट्ठे में बनाई गई चार झोपड़ी से सामान सहित फरार हो गए। रात करीब दो बजे एसपी शिवहरि मीणा,एसडीएम पट्टी डीपी सिंह व आबकारी की टीम जांच करने पहुंची तो कोई नहीं मिला। देर रात एसपी की फटकार के बाद कोहंड़ौर पुलिस टीम ने कार्रवाई शुरू करते हुए भट्ठे पर अवैध शराब बेचने वाले आरोपित के घर दबिश देकर उसकी पत्नी को हिरासत में लिया।

लोगों को ठंड से बचाना ही सबसे बड़ा धर्म : योगेश मौर्या

अयोध्या पहुंचे डिप्टी सीएम के पुत्र का आम जनमानस ने किया जोरदार स्वागत,प्रदेश की जनता के कल्याण हेतु श्रीराम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी में मत्था टेक कर डिप्टी सीएम पुत्र ने लिया आशीर्वाद

कौशाम्बी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के पुत्र योगेश मौर्य गुरुवार को अयोध्या पहुंचे हैं जहां भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी व आम जनमानस ने उनका जोरदार स्वागत किया कार्यक्रताओं व शुभचिंतकों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर शिष्टाचार भेंट मुलाकात किया । स्वागत के बाद डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्य श्रीराम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी जाकर भगवान राम व हनुमान जी के दर्शन कर उनके चौखट पर मत्था टेक कर प्रदेश की जनता के कल्याण हेतु आशीर्वाद लिया तत्पश्चात वह अयोध्या के संत समागम के सानिध्य में जाकर उनके सुविचारों को आत्मसात किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली आकर मैं धन्य हो गया हूं भगवान के चौखट पर आने से मन को शांति मिलती है तथा संतो के सानिध्य में जाकर उनके विचारों को सुनकर जनमानस तक पहुंचाने से समाज का कल्याण होता है । इसलिए हम लोगों को सात्विक विचार रखने चाहिए जिससे समाज का उत्थान हो सके साथ ही उन्होंने अपने स्वागत में आये हुए कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। शुक्रवार को उन्होंने कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर तुलसी उद्यान नयाघाट में आयोजित संत समागम सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और संत

योगेश मौर्या का स्वागत करते

समागम सम्मेलन में डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्या ने संतो गरीबों असहायों को कंबल वितरण किया कंबल वितरण के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्या ने कहा कि इस ठंड में लोगों को ठंड से बचाना ही सबसे बड़ा धर्म है उन्होंने कहा कि मानव ही मानव के काम आता है । इसलिए हमें अपने बीच मे रहने वाले गरीब व असहाय लोगों की सेवा करनी चाहिए उक्त जानकारी योगेश मौर्या के मीडिया प्रभारी सूरज विश्वकर्मा ने दी है।

रेल लाइन पर वृद्ध व्यक्ति का मिला शव

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के गोविंद पुर गोरियों गांव के सामने हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के डाउन लाइन पर एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव मिला है शव की उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जाती है। रेल लाइन के पास अज्ञात शव पाए जाने की जानकारी मिलते ही आसपास के तमाम ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए हैं लेकिन काफी प्रयास के बाद भी अज्ञात शव की शिनाख्त ग्रामीण नहीं कर सके हैं शव क्षत विक्षत हालात में मिला है चेहरा व अंग ट्रेन से कटकर घिसट गए हैं वृद्ध व्यक्ति के शव काले रंग का इनर काले रंग का कुर्ता काले रंग की सदरी पहने हुए है। सूचना पर पहुँचे चौकी प्रभारी सिराथू हेमंत मिश्र ने शव की शिनाख्त का बृहत प्रयास करवाया लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो सकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उमरछा ग्राम में श्रीराम जन्मभूमिसमर्पण निधि कार्यक्रम में ग्रामीण

उमरछा ग्राम से प्रारंभ हुआ श्री रामजन्म भूमि समर्पण निधि कार्यक्रम

कौशाम्बी। श्री राम जन्मभूमि समर्पण निधि के कार्यक्रम की शुरूआत चायल तहसील क्षेत्र के उमरछा गांव से शुक्रवार को शुरू हुई है कार्यक्रम में प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर रकम दान दी है जिला संघचालक जिला प्रचारक की अध्यक्षता में ग्राम सभा उमरछा में श्री राम जन्म भूमि समर्पण निधि का शुभारंभ हुआ जिसमें ग्रामीणों द्वारा बढ़ चढ़ कर उत्साह दिखाया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघ चालक केदार नाथ और जिला प्रचारक प्रमोद भाई ने किया इस कार्यक्रम में जिला कार्यवाह दिलीप कुमार खण्ड कार्यवाह शशि प्रकाश वा समाज सेवी विजय कुमार निषाद ,पवन कुमार कुशवाहा,उदल कुशवाहा मान सिंह पटेल उमाशंकर कुशवाहा राजेन्द्र प्रशाद सोनी देवनारायण सुनील कुमार अशोक केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश कुशवाहा ने किया इस मौके पर तमाम समाज सेवी लोग वा ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। और दिल खोल भगवान अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण के लिए समर्पण राशि दी।

जीएसटी पंजीयन बढ़ाने हेतु आयोजित होगी कार्यशाला

भरवारी कौशांबी। प्रदेश में जीएसटी रजिस्ट्रेशन की संख्या कम होने पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने चिंता जाहिर करते हुए जीएसटी रजिस्ट्रेशन के पंजीकरण बढ़ाए जाने का निर्देश दिया है इसी क्रम में डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर भरवारी ने 23 जनवरी को भरवारी वाणिज्य कर कार्यालय में एक कार्यशाला गोष्ठी का आयोजन कर जीएसटी पंजीकरण बढ़ाए जाने का प्रयास शुरू किया है योगी सरकार ने पूरे प्रदेश में पच्चीस लाख जीएसटी पंजीकरण कराए जाने का लक्ष्य रखा है इसी क्रम में आयोजित कार्यशाला में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और कर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को पत्र भेजकर डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर ने पंजीकरण बढ़ाने में सहयोग की अपील की।

अब कोटेदार बिजली का बिल जमा कर सकेंगे

प्रतापगढ़। सदर तहसील के सभागार में तहसील क्षेत्र के कोटेदारों को ई-पॉश की मदद से बिजली उपभोक्ता का बिल जमा करने का तरीका बताया गया। सदर डिवीजन के अधिशासी अभियंता चंद्रमा प्रसाद, एसडीओ सदर एसके सिंह, एसडीओ टाउन अजीत कुमार, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी ने अलग-अलग वीडियो क्लिप के माध्यम से कोटेदारों को समझाया। उन्हें पूरी प्रक्रिया बताई गई। बताया गया कि कोटेदारों को इस काम के लिए पहले बिजली विभाग के कार्यालय अथवा जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय में अपना पंजीकरण कराना आवश्यक है।

पहले दिन 16 कोटेदारों का हुआ पंजीकरण

प्रतापगढ़। बिजली का बिल जमा करने की प्रक्रिया को समझने के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ही सदर तहसील क्षेत्र के 16 कोटेदारों ने विभागीय शुल्क जमा कर पंजीकरण कराया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार दो हजार रुपये तक बिल जमा करने पर कोटेदार को 16 रुपये कमीशन मिलेगा। इसके ऊपर की धनराशि पर एक प्रतिशत का लाभ मिलेगा। बिल जमा करने की प्रक्रिया से कोटेदार एक दिन में चार सौ से पांच सौ रुपये की कमाई कर सकेंगे। इस प्रक्रिया से ग्रामीण इलाकों में भी बिल जमा करने के लिए लोगों को बिजली विभाग के कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत आयोजित हुआ मोहल्ला क्लासेज

प्रतापगढ़। नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी के आयोजकत्व में प्राथमिक विद्यालय प्रतापगढ़ सिटी द्वितीय में प्राथमिक विद्यालय द्वारा आयोजित मोहल्ला क्लासेज में स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत चित्रकला एवं स्वच्छता पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी सुश्री प्रियंका तिवारी एवं प्रधानाध्यपक श्रीमती स्नेह कुमारी शुक्ला की देखरेख में सम्पन्न कराया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुश्री प्रियंका तिवारी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के निर्माण एवं देश की छवि सुधारने का यह सही समय एवं

स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत आयोजित मोहल्ला क्लासेज

अवसर है। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय की अध्यापक मनस्वी श्रीवास्तव,प्राची सिंह,विदुषी सिंह एवं नगर पंचायत कर्मचारी हरिकेश कुमार मौर्य,राहुल मौर्य,रितेश शर्मा आदि कर्मचारी गण मौजूद रहे। उक्तप्रतियोगिता में कुल 65 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही करें प्रधानाचार्य

प्रतापगढ़। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जनपद में संचालित समस्त विद्यालयों के प्राचार्य/ प्रधानाचार्य को अवगत कराया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत संशोधित समय सारिणी एवं कार्ययोजना के अनुसार छात्रवृत्ति हेतु 02 बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होने प्रथम बिन्दु के सम्बन्ध में बताया है कि छात्र द्वारा वार्षिक परीक्षाफल/दोनो सेमेस्टर का परीक्षाफल न निकलने की दशा में रिजल्ट नॉट एट डिक्लेयर्ड आप्शन चुनते हुये आनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। ऐसे सभी छात्रों का डाटा संदेहास्पद श्रेणी में रहेगा तथा समय सारिणी में संदेहास्पद डाटा का सही करने की समयावधि (01 फरवरी 2021 से 10 फरवरी 2021 तक) अनिवार्य रूप से परीक्षाफल भरते हुये आवेदन पूर्ण न करने की दशा में आवेदन निरस्त माना जायेगा। संस्था द्वारा छात्र का आवेदन प्राप्त करते समय यदि कोई त्रुटि प्रदर्शित होती है तो संस्था छात्र का आवेदन आनलाइन वापस कर सकेगी तथा छात्र द्वारा ऐसे आवेदन को सही कराके पुनः 07 दिन के भीतर संस्था द्वारा अग्रसारित करना अनिवार्य होगा।

राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानाचार्य की चैथी पुण्यतिथि मनाते शिक्षक

समारोह पूर्वक मनाई गई राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानाचार्य की चैथी पुण्यतिथि

प्रतापगढ़। महामहिम राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 2015 में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानाचार्य स्वर्गीय अशोक कुमार तिवारी की चैथी पुण्यतिथि टक्करगंज स्थित हनुमान मंदिर के पास समारोह पूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम में आम जनमानस को प्रसाद के रूप में तहरी वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक धीरज ओझा के बड़े भाई नीरज ओझा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में स्व. तिवारी जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।प्रबंधक एवं समाजसेवी पं अनिल त्रिपाठी ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करना ही जनपद के लिए गौरव की बात है।भाजपा नेता संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि स्वर्गीय तिवारी जी बहुत ही जुझारू, मेहनती एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता।कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता नीरज त्रिपाठी, शिक्षक नेता प्रभात त्रिपाठी, ललित मिश्रा, अनिल मिश्रा, पवन मिश्रा, भाजपा नेता संत प्रसाद तिवारी, जनसत्ता दल युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, उपाध्यक्ष महेश चंद्र त्रिपाठी, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष दीपक तिवारी, ज्योतिषाचार्य आलोक मिश्रा, पुजारी सौरभ महाराज, समाजसेवी अच्युतानंद पांडेय, युवा क्रांति के अखिलेश मिश्रा,वरिष्ठ पत्रकार अनूप उपाध्याय, प्रेस क्लब अध्यक्ष जान मोहम्मद,संजय द्विवेदी अखिल सिंह, अमित मिश्रा, राम चंद्र पांडेय, आदित्य बंसल, देवराज मिश्रा, प्रशांत तिवारी इत्यादि लोगों ने स्वर्गीय तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा एक सच्चा समाजसेवी बताया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में कोविड-19 का टीका लगाते चिकित्सक

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में कोविड-19 के दूसरे चरण में हुआ टीकाकरण

पट्टी। शुक्रवार को कोविड-19 महामारी के टीकाकरण के दूसरे चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में हेल्थ वर्कर और डॉक्टर को कोविड-19 का टीका लगवाया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ महेंद्र कुमार ने इस दौरान बताया कि दूसरे चरण के टीकाकरण में सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर रोड पट्टी में 100 लोगो को लगाया गया है जिन डॉक्टरों और हेल्थ वर्करों का टीकाकरण हुआ है उन्हें ऑब्जरवेशन रूम में रखा गया है और उनकी सेहत की जांच की जा रही है।

जामताली बाजार में कांग्रेस के सृजनअभियान की बैठक संपन्न

रानीगंज। शिवगढ़ ब्लॉक के जामताली बाजार में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सोनू पांडे के नेतृत्व में संगठन सृजन की बैठक हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा मौजूद रहे। संचालन ब्लाक उपाध्यक्ष मो0 इश्तियाक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने कांग्रेस की उप्लब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर मुददे पर विफल है।इस सरकार में किसान,व्यवसायी से लेकर कमेरा वर्ग तक त्रस्त है।उन्होंने लोगों से कांग्रेस से जुड़ने का आवाहन किया।इस मौके पर महासचिव विमल सिंह ,सचिव संतोष शर्मा, मनोज पांडे, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये : डीएम

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी कार्यालयाध्यक्ष एवं कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रहेगी, किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी की छुट्टी स्वीकृत नही की जायेगी और सभी अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में सम्मिलित होगें, राष्ट्रगान करेगे तथा भारतीय गणतंत्र दिवस एवं स्वच्छता की शपथ भी लेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुये

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक करते डीएम

कोरोना वायरस से बचाव हेतु भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुये गणतंत्र दिवस समारोह सुव्यवस्थित एवं सादगी के साथ मनाया जाये। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म-निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया जाये। उन्होने कहा कि चैराहों पर जो महापुरूषों की प्रतिमायें स्थापित की गयी है उनकी साफ-सफाई करायी जाये तथा माल्यार्पण किया जाये। प्रदेश सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गो के हित तथा विकास के लिये संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जनसाधारण को बताया जाये। सभी धर्मो और सम्प्रदायों के लोग भारत के नागरिक है और उनमें शांति, पारस्परिक सद्भाव व एकता से ही राष्ट्र उन्नति कर सकता है इसके लिये लोगों को प्रेरित और तैयार किया जाये, इसके साथ ही उन्हें कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करके अच्छा वातावरण बनाया जाये। गणतंत्र दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

झूठे वादे और कसमो का दौर शुरू, जनता की नब्ज टटोल रहे प्रत्याशी

पट्टी। पंचायत चुनाव 2021 के लिए भले ही अभी सभी प्रत्याशियों को आरक्षण सूची का इंतजार है ,लेकिन धीरे धीरे चुपके चुपके से वह पंचायत चुनाव के प्रचार प्रसार में जुटे हुए दिखाई दे रहे हैं ।गांव में संभ्रांत लोगों से मिल बैठकर आपसी चर्चा करके माहौल बनाने की कोशिश में जुटे हुए है। जनवरी माह में जहां ठंड का आलम दिखाई दे रहा है वही पंचायत चुनाव में सियासी हलचल ग्रामीण क्षेत्र में माहौल धीरे-धीरे गर्म कर रही है। ग्राम पंचायत चुनाव में प्रधान पद के लिए जोर आजमाइश कर रहे प्रधान पद के संभावित उम्मीदवार कुछ खास लोगों से आगामी चुनाव के लिए जीत की रणनीति तैयार कर रहे हैं वही धीरे धीरे जनता से नब्ज टटोलकर प्रधान पद के लिए उनका समर्थन करने के लिये हामी भी भरवा रहे है जनता भी उन्हीं के अंदाज में उनके झूठे वादों पर कसमें खा खा कर कर उन्हें जीत के लिए आश्वस्त कर रही है यही कारण है कि जितने भी प्रत्याशी चुनावी समर में नजर आ रहे हैं।